# ज़ुल्म के खिलाफ़ आवाज़

Postal Regd. No.:MNW/308/2016-

वर्ष : ०५ | अंक : ०३ | मुंबई, शुक्रवार, २१ दिसंबर से २७ दिसंबर २०१८ | RNI No. : MAHHIN/2014/59999 | पृष्ठ : ४ | मूल्य : २/- रुपये

## पीएम ने २ मेट्रो प्रॉजेक्ट समेत ३३,००० करोड़ की परियोजनाओं का किया शिलान्यास

इस्माईल खान

**ठाणे,** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुंबई से सटे ठाणे में दो मेट्रो प्रॉजेक्ट का शिलान्यास करते हुए कांग्रेस को जमकर निशाने पर लिया। पीएम ने कांग्रेस शासन के दौरान मेट्रो परियोजना की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि आठ साल के दौरान केवल ११ किलोमीटर मेट्रो का काम हुआ। पीएम ने इस दौरान कहा कि २०१४ के बाद मेट्रो लाइन बिछाने की गति बढ़ी है। पीएम ने मेट्रो प्रॉजेक्ट समेत ३३ हजार करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास किया। पिछली सरकार पर सवाल उठाते हुए पीएम ने कहा, 'मुंबई में २००६ में मेट्रो परियोजना की शुरुआत की गई थी, लेकिन आठ साल तक क्या हुआ? मामला कहां अटक गया?' उन्होंने कहा, 'पहली लाइन आठ साल बाद २०१४ में शुरू हो सकी और वह भी ११ किलोमीटर की। आठ साल में केवल ११ किलोमीटर?' उन्होंने कहा कि साल २०२२ से २०२४ के बीच मुंबई वासियों को पौने ३ सौ किलोमीटर की मेट्रो रेल लाइन उपलब्ध हो जाएगी। पीएम ने कहा, '२०१४ के बाद




हमने तय किया कि मेट्रो लाइन बिछाने की स्पीड भी बढ़ेगी और स्केल भी बढ़ेगी। पिछले चार साल में मुंबई में मेट्रो का जाल बिछाने के लिए अनेक नई परियोजनाओं की शुरुआत की गई है। इसी सोच पर चलते हुए आज दो और मेट्रोलाइनों का शिलान्यास किया गया है। यानी आने वाले ३ साल में यहां ३५ किलोमीटर की मेट्रो क्षमता और जुड़ जाएगी।'

पीएम मोदी ने कहा, 'आज भी यहां ३३ हज़ार करोड़ रुपये से अधिक के प्रॉजेक्ट्स का शिलान्यास किया गया है और उसमें दो मेट्रो लाइन्स भी शामिल हैं। ठाणे में ९० हजार गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए अपने घरों के निर्माण से जुड़े प्रॉजेक्ट की भी शुरुआत की गई है।' उन्होंने कहा कि मेट्रो वैकल्पिक परिवहन साधनों के रूप में सबसे प्रभावशाली माध्यम बनता जा रहा है। पीएम ने इस दौरान मुंबई और ठाणे को देश का गौरव बताते हुए कहा, 'मुंबई और ठाणे देश का वह हिस्सा है जिसने देश के सपनों को साकार करने में मदद की है। छोटे-छोटे गांवों-कस्बों से आए सामान्य लोगों ने यहां बड़ा नाम कमाया है, देश को गौरवान्वित किया है। यहां जन्म लेने वालों, यहां रहने वालों का हृदय इतना विशाल है कि सबको अपने दिल में जगह दी है। तभी तो यहां पर पूरे भारत की तस्वीर एक ही जगह दिखती है। जो भी यहां आता है वो मुंबइया रंग में रंग जाता है, मराठी परंपरा का हिस्सा हो जाता है।'

पीएम ने कहा, 'आज मुंबई का विस्तार हो रहा है, चारों ओर विकास हो रहा है। लेकिन इसके साथ-साथ यहां संसाधनों पर भी दबाव बढ़ा है। विशेषतौर पर यहां के ट्रांसपोर्ट सिस्टम, सड़क और रेल व्यवस्था पर इसका प्रभाव दिखने को मिलता है। इसी को ध्यान में रखते हुए बीते चार-साढ़े चार वर्षों में मुंबई और ठाणे समेत इससे सटे तमाम इलाकों के ट्रांसपोर्ट सिस्टम को बेहतर करने के लिए अनेक प्रयास किए गए हैं।' परियोजनाओं के भूमिपूजन समारोह के अवसर पर पीएम ने जनसभा को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा, 'मुंबई में पूरे भारत की तस्वीर दिखती है। आज मुंबई का विस्तार और विकास तोजी से हो रहा है और इसके संसाधनों पर दबाव भी बढ़ा है। परिवहन, सड़क और रेल व्यवस्था पर भी दबाव पड़ता है क्योंकि परिवहन विकास का आधार है।' पीएम ने कहा कि मुंबई, ठाणे और इससे सटे इलाकों में तेजी से ट्रांसपोर्ट सिस्टम का विकास किया गया है। पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना का जिक्र करते हुए कहा, ' केंद्र सरकार ने तय किया है कि साल २०२२ में, जब देश आजादी का ७५वां पर्व मना रहा हो, तब देश के हर परिवार के पास अपनी पक्की छत हो, अपना पक्का घर हो। इसी लक्ष्य को आगे बढ़ाते हुए आज यहां ९० हजार और नए घर बनाने की शुरुआत हुई है। मुझे बताया गया है कि ३ साल के भीतर ये घर बनकर तैयार हो जाएंगे।' पीएम ने इस दौरान कहा, 'प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हमारी सरकार ढाई लाख रुपये तक की मदद सीधे बैंक में जमा कर रही है यानी लोन का अमाउंट सीधे ढाई लाख रुपये घट जाता है। यानी निम्न और मध्यम वर्ग की मदद होम लोन में भी की जा रही है। इसके अलावा, पहले के मुकाबले होम लोन पर ब्याज दर भी काफी कम हुई है। सरकार द्वारा इस योजना के तहत कमजोर तबके के लोगों को, निम्न आय वर्ग वालों को साढ़े ६ प्रतिशत की इंटरेस्ट सब्सिडी भी दी जा रही है। मिडिल इनकम ग्रुप वालों को भी ३ से ४ प्रतिशत की इंटरेस्ट सब्सिडी दी गई है।'

## यूट्यूबर दानिश जेहन ने मौत से कुछ वक्त पहले ही बनाया था वीडियो जो सोशल मीडिया पर हो रहा है वायरल

संवाददाता

**मुंबई,** मशहूर यूट्यूबर और MTV Ace of Space के प्रतिभागी दानिश जेहन की गुरुवार सुबह एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई. दानिश की मौत से उन्हें चाहने वाले सभी लोग सदमे में हैं. दानिश की चाहत का अंदाजा उनके सोशल मीडिया के फॉलोवर्स से लगाया जा सकता है. यूट्यूब, फेसबुक, इन्स्टाग्राम, म्यूजिकली सभी जगह दानिश को चाहने वाले लोग हैं. आज के युवाओं में दानिश एक स्टाइल आइकन के रूप में ज्यादा मशहूर थे. दानिश अपने हेयर स्टाइल के वजह से युवाओं में ज्यादा पसंद किए जाने लगे. लड़कों के हर नए स्टाइल को लेकर दानिश वीडियो बनाते थे, और स्टेप टू स्टेप उस स्टाइल को करने का तरीका भी सीखाते थे.दानिश के यूट्यूब पर ३ लाख से ज्यादा, इन्स्टाग्राम पर ८५६० फॉलोवर थे. दानिश ने अपने इन्स्टाग्राम पर मौत से कुछ समय पहले ही एक स्टोरी भी डाली थी. इस वीडियो में दानिश कार में बैठे नजर आ रहे थे, और एक पंजाबी गाने पर लिप्सिंग भी कर रहें हैं.

बता दें कि दानिश गुरुवार सुबह एक शादी से लौट रहे थे तभी उनकी कार दुर्घटना ग्रस्त हो




गई. जिसमे दानिश की मौत हो गई. यह दुर्घटना मुंबई के वाशी में हुई. बता दें कि दानिश की उम्र २१ साल थी. दानिश मुंबई के एक माध्यमवर्गीय परिवार से आते थे. दानिश अपने युट्यूब वीडियोज और ब्लॉग्स की वजह से फेमस हुए थे. दानिश ने अपने करियर की शुरुआत जस्टिन बीबर के हेयरस्टाइल से की थी जो कि अब जेहन हेयरस्टाइल के नाम से जाना जाता है. दानिश के फैंस उनके हेयरस्टाइल को बेहद पसंद करते हैं और उनके स्टाइल को फॉलो भी करते हैं.

## वाकोला में विज्ञापन प्रतिनिधि महिला ने की आत्महत्या

शाईस्ता शेख

**मुंबई :** सांताक्रूज़ पूर्व के वाकोला इलाके में एक चौकाने वाली घटना सामने आयी है। जहां पर भूमिका सिंह,३० वर्ष महिला ने आत्महत्या कर ली है।

मिली जानकारी के अनुसार भूमिका सिंह, जो की पेशे से डी.डी.बी मुद्रा संचार समूह में विज्ञापन प्रतिनिधि के रूप में काम करती थी। महिला ने अपने फ्लैट में खुद को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जिसका ऐ.डी.आर. वकोला पुलिस स्टेशन में रजिस्टर कर लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार महिला शादीशुदा थी और महिला के पति विनय सिंह भी विज्ञापन प्रतिनिधि




के रूप में दूसरी कंपनी में काम करते हैं। वकोला पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक आह्वाड , ने जानकारी देते हुए कहा क़े, ' हमने आकस्मिक मामला दर्ज कियाहै'। आत्महत्या की वजह अब तक सामने नहीं आ पायी है, की महिला ने आत्महत्या क्यों की? इस मामले में भूमिका सिंह केपति का बयान लिया गया है और इस मामले में कुछ भी संदिग्ध नहीं पाया गया, महिला की लाश को पोस्टमॉर्टेम के लिए भेजदिया गया है। आगे की तहक़ीक़ात हमारी टीम कर रही है।'

## दाऊद के गुर्गे छोटा शकील का भाई अनवर गिरफ्तार

जाफर शेख

**मुंबई:** कुख्यात अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के गुर्गे छोटा शकील के भाई अनवर को दुबई में गिरफ्तार किया गया है. छोटा शकील के भाई अनवर बाबू शेख को अबू धाबी के एयरपोर्ट पर कस्टम एंड अबू धाबी पुलिस ने गिरफ्तार किया. गिरफ्तारी के बाद अनवर के पास से पाकिस्तान का पासपोर्ट भी मिला है. बता दें कि अनवर का नाम काफी लंबे समय से पुलिस की मोस्ट वांटेड लिस्ट में था. अनवर बाबू शेख के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया था.बता दें कि अनवर को लाकर पाकिस्तान का दावा है कि अनवर के पास पाक का पासपोर्ट



### तलाशी में मिला पाकिस्तान का पासपोर्ट

है, इस लिहाज से अनवर को उसे सौंपा जाना चाहिए. स्थानीय अधिकारियों का कहना है कि अनवर के बारे में पुख्ता जानकारी मिलने के बाद उसे पकड़ा जा सका.अनवर के बारे में कहा जाता है कि वह घ्ए्घ के साथ काम कर रहा है और भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियों में शामिल है. अनवर माफिया डॉन छोटा शकील का भाई है. छोटा शकील दाऊद इब्राहिम का खास आदमी है जो १९९३ में मुंबई में हुए सीरियल बम ब्लास्ट का मुख्य आरोपी है. अनवर हथियारों की तस्करी करना फिरौती वसूलने से लेकर कई बड़े अपराधों में शामिल है.

## नरीमन प्वॉइंट के ट्राइडेंट होटल में लगी आग

### दमकल की गाड़ियां मौके पर, हादसे में कोई हताहत नहीं

**मुंबई:** मायानगरी मुंबई के नरीमन प्वॉइंट स्थित ट्राइडेंट होटल में भीषण आग लगने की खबर है. जानकारी के मुताबिक, बुधवार रात ११ बजे ग्राउंड फ्लोर में स्थित एक शोरूम में आग लग गई. बताया जा रहा है कि जैसे ही यहां आग की लपटे उठने लगी वैसे ही हालात पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग को सूचित किया गया. इस घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की ६ गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने की मशक्कत में जुट गईं. फिलहाल इस घटना में किसी के हताहत होने को कोई



खबर नहीं है. बता दें कि ट्राइडेंट होटल में आग लगने की इस घटना से पहले अंधेरी के मरोल में ईएसआईसी कामगार अस्पताल में भीषण आग लने की घटना सामने आई थी, जिसमें ९ लोगों की मौत हो गई थी. बताया जा रहा है कि इस घटना के महज दो दिन बाद बुधवार देर शाम एक बार फिर इस अस्पताल में आग लग गई. हालांकि राहत की बात तो यह है कि दोबारा आग लगने की इस घटना में मौके पर मौजूद लोग बाल-बाल बच गए. गौरतलब है कि नरीमन प्वॉइंट स्थित ट्राइडेंट होटल में आखिर आग किस कारण से लगी, फिलहाल इसका खुलासा नहीं हो पाया है और न ही किसी तरह के किसी नुकसान की कोई जानकारी मिल पाई है.

## गलत या उल्टी दिशा में गाड़ी चलाया तो ड्राइविंग पर लग जाएगा लाइफटाइम बैन, इस राज्य ने सख्त किए नियम

**अहमदाबाद :** गलत या उल्टी दिशा में गाड़ी चलाने को लेकर नियम सख्त कर दिए गए हैं. गुजरात में सिटी ट्रैफिक पुलिस और रिजनल ट्रांसपोर्ट ऑफिस ने यह तय किया है कि अगर कोई शख्स दो बार गलत या उल्टी दिशा में गाड़ी चलाता पकड़ा गया तो उसके ड्राइविंग करने पर आजीवन बैन लगा दिया जाएगा. ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अगर कोई शख्स पहली बार नियम का उल्लंघन करता पकड़ा गया तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज किया जाएगा और कागजात आरटीओ में जब्त कर लिए जाएंगे और अगर दूसरी बार उसी शख्स ने नियम का उल्लंघन किया तो उसका ड्राइविंग लाइसेंस (अ्न्हु थ्महो) हमेशा के लिए रद्द कर दिया जाएगा या फिर उसे ब्लैकलिस्टेड कर दिया जाएगा.पहले के नियम के अनुसार, अगर कोई शख्स गलत या उल्टी दिशा में गाड़ी चलाता पांचवी बार पकड़ा जाता था तब उसका ड्राइविंग लाइसेंस रद्द किया जाता था लेकिन ट्रैफिक नियमों में बदलाव कर इसे दो बार कर दिया गया है.एक ट्रैफिक पुलिस अधिकारी के अनुसार, मंगलवार को ट्रैफिक पुलिस और आरटीओ ने मिलकर सात ड्राइविंग रद्द किए और अब इसे और सख्ती से लागू किया जाएगा.

## कामगार अस्पताल अग्निकांड में १ और शख्स की मौत, १० पहुंचा मरने वालों का आंकड़ा

आसिफ खान

**मुंबई,** मुंबई के अंधेरी स्थित ईएसआईसी कामगार अस्पताल में १७ दिसंबर को आग लग गई थी। इस हादसे में तकरीबन १४६ से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। अस्पताल में गुरुवार को एक और शख्स ने दम तोड़ दिया, जिसके बाद मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर १० पहुंच गया है। अंधेरी ईस्ट के छह मंजिला अस्पताल में करीबन शाम ४ बजे लगी आग को लेकर मेयर वी मादेश्वर का कहना था, 'महाराष्ट्र डिवेलपमेंट कॉर्पोरेशन फायर ऑडिट करता है। उन्होंने ऑडिट किया था या नहीं इस बात की जांच की जाएगी।' बता दें कि अस्पताल के ग्राउंड फ्लोर से भड़की आग तेजी से ऊपर तक फैल गई थी। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची अग्निशमन की टीमों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया था।



## तकनीकी कारणों की वजह से मुंबई में बंद हुए प्राइवेट FM रेडियो स्टेशन

**मुंबई:** सबका चाहिता एफएम रेडियो किसी तकनीकी कारण की वजह से काम नहीं कर रहा है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नेटवर्क का संचार करने वाले ट्रांसमिशन में खराबी की वजह से एफएम रेडियो बंद हुआ है. जानकारी के मुताबिक आज सुबह से ही एफएम रेडियो ठीक से नहीं चल रहा.

गौरतलब हो कि हजारों मुंबईकरों के लिए एफएम रेडियो स्ट्रेस बस्टर का काम करता है. शहर में सफर करने के दौरान लोग इसे सुनते है. कई लोग तनाव मुक्त होने के लिए एफएम रेडियो का सहारा लेते है. मुंबई में



मुख्यतः रेडियो मिर्ची (98.3 Radio Mirchi), रेडियो सिटी (91.1 Radio City) और रेड एफएम (93.5 Red FM) सुने जाते है. प्राइवेट FM रेडियो स्टेशन की ओर से कोई भी जानकारी नहीं दी गई है. हालांकि सरकारी रेडियो स्टेशन आकाशवाणी- १००.१, १०२.८ और १०७.१ सही से काम कर रहे हैं.






## संपादकीय...

# युवा हाथों को रोजगार

जिन आंकड़ों से मौजूदा सरकार अपना पीछा छुड़ाने की कोशिश कर रही है, वही आंकड़े मोदी सरकार के लिए मुसीबत बन सकते हैं। हम बात कर रहे हैं हिंदुस्थान में बढ़ती बेरोजगारी से जुड़े आंकड़ों की। सरकार का कहना है कि किस समय हिंदुस्थान में कितने बेरोजगार थे, इसका आंकड़ा उसके पास नहीं है। आंकड़ों के मामले में हिंदुस्थान का हाल किसी गरीब देश से भी बुरा है। इसके लिए हिंदुस्थान की तुलना कांगो जैसे गरीब देश के साथ की जा सकती है क्योंकि कांगो ने दिसंबर २०१३ के बाद बेरोजगारी के आंकड़े नहीं बनाए हैं। हिंदुस्थान ने भी आंकड़े बनानेवाले ऑफिस को २०१२ से बंद कर दिया है। जो लोग यह सोच रहे हैं कि हिंदुस्थान का विकास हो रहा है वह इस बात को जान लें कि हिंदुस्थान का परफॉर्मेंस नामीबिया, जिंबाब्वे, पाकिस्तान, अजरबैजान, बांग्लादेश, उत्तर कोरिया, कंबोडिया, लीबिया, अफगानिस्तान जैसे करीब ८० देशों के जैसा है। यह तमाम पिछड़े देश (ज्यादातर अफ्रीकी) बेरोजगारी के आंकड़े वार्षिक रूप से जारी करते हैं। आपको यह जानकर हैरानी होगी कि कोसोवो, नाइजीरिया, जॉर्डन, ट्यूनीशिया, स्पेन जैसे ४४ देश अपने बेरोजगारी के आंकड़े हर तीन महीनों के बाद जनता के सामने पेश करते हैं। वहीं अमेरिका, ग्रीस, टर्की, साइप्रस, पोलैंड, कनाडा, चिली, पेरू जैसे करीब ५८ देश हर महीने बेरोजगारी के आंकड़े पेश करते हैं। जबकि हम आरक्षण- आरक्षण का खेल-खेल रहे हैं। झुलसती हुई बेरोजगारी नवयुवकों को व्यापारी नहीं बल्कि आंदोलनकारी बना रही है।

पूरे विश्व में अमेरिका में बेरोजगारी के आंकड़े सबसे तेजी से इकट्ठा किए जाते हैं। अमेरिकी कानून के मुताबिक देश में जब तक बेरोजगारी की दर ६.५ फीसदी बनी रहती है तब तक अमेरिकी सरकार नए डॉलर छाप कर बाजार में सर्कुलेट करती रहेगी। यदि बेरोजगारी की दर ६.५ प्रतिशत के नीचे हुई तब नई करेंसी सर्कुलेट होना बंद होगा। इस कानून के पीछे यह तर्क है कि जब तक बाजार में ज्यादा पैसे उपलब्ध होंगे तब तक इकोनॉमी में दबाव की स्थिति नहीं बनेगी। अमेरिका में हर महीने की शुरुआत में ४ दिनों के भीतर पिछले महीने के बेरोजगारी के आंकड़े जारी किए जाते हैं। डेटा इकट्ठा करने के मामले में अमेरिका का तरीका इतना वैज्ञानिक और सही है कि उसका असर विश्व के अन्य देशों की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ता है। यदि बेरोजगारी की दर ज्यादा हुई तब शेयर बाजार में मंदी का माहौल छाया रहता है। अमेरिकी अर्थतंत्र से ठीक विपरीत हिंदुस्थान में पैसे जरूरत के अनुसार नहीं बल्कि बाजार में पैसों की उपलब्धता के अनुसार करेंसी छापी जाती है। इस मामले में चीन भी पीछे नहीं है लेकिन अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक विशेषज्ञों की राय में चीन के आंकड़े नकली हैं।

# बॉलीवुड समाचार






## शादी के तुरंत बाद मंदिर जाने की बजाय शाहरुख खान के घर मन्नत पहुंचा ये कपल, किंग खान ने दिया आशीर्वाद

**सुमन मौर्या**

बॉलीवुड के बादशाह कहे जाने वाले अभिनेता शाहरुख खान की दीवानगी किस कदर है इसका एक और उदाहरण हाल ही में देखने को मिला। जब शादी करने के तुरंत बाद एक कपल किंग खान के बंगले मन्नत के दर्शन करने लैंड्स एंड पहुंच गया। कपल ने मन्नत के बाहर शाहरुख खान का सिग्नेचर पोज बनाकर तस्वीर भी खिंचाई। ध्रुव नाम के एक युवक ने ट्विटर पर शाहरुख के घर मन्नत के बाहर की एक फोटो पोस्ट की है जिसमें वह अपनी वाइफ के साथ नजर आ रहे हैं। युवक जहां ब्लू कलर के कोट पैंट में है वहीं युवती लहंगा पहने है। दोनों के हाथों में शादी की मेहंदी रची हुई है और दोनों शाहरुख का सिग्नेचर पोज बना रहे हैं। फोटो के साथ उन्होंने लिखा है कि लोग कहते हैं कि मंदिर जाओ लेकिन हम हम यहां आए हैं।ने ट्वीट पर दोनों को ढेर सारा प्यार और आशीर्वाद दिया। शाहरुख ने ट्वीट किया- □□□ □□□□□ □□□. इसके बाद तो दोनों की खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा। बता दें कि शाहरुख खान को रोमांस का बादशाह कहा जाता है। शाहरुख खान को चाहने वाले न केवल भारत में बल्कि दुनियाभर में हैं। लड़कियां क्या लड़कों के शाहरुख खान फेवरेट हैं। न जाने लोग शाहरुख की एक झलक पाने के लिए क्या क्या करते हैं।

## साल २०१८ की ये वेब सीरीज़, जिन्होंने कर दी बोल्डनेस की सारी हदें पार



**आजकल** लोग टीवी या थिएटर पर फिल्म देखने के बजाय नेटफ्लिक्स अमेजन प्राइम जैसे ऐप्स पर वेब सीरीज़ देखना पसंद करते हैं. भारत में जबसे वेब वेब सीरीज़ का चलन हुआ है तब से हर क्लास के लोग इससे जुड़ गए हैं और यंगस्टर्स इससे कुछ ज्यादा ही जुड़े हुए हैं. इन्टरनेट की क्रान्ति के बाद वेब सीरीज़ भी किसी क्रान्ति से कम नहीं है. एक वक्त था जब हम टीवी सीरियल्स में फंसे रहते थे हर एपिसोड का बेसब्री से इंतेज़ार करते थे, जबकि ये नाटक काफी बोर कर देनेवाले थे इनकी स्टोरी कभी भी कोई नया मोड़ ले लेती थी. वही पुरानी घिसी पिटी स्टोरी जिसमें कुछ भी नया नहीं था. अगर एक शब्द में कहूं तो हमारी ज़िन्दगी नीरस हो चुकी थी. इस नीरस ज़िन्दगी के बाद दौर आया वेब सीरीज़ का, जिनके एपिसोड्स ज्यादा नहीं हुआ करते और इनके पात्र आपको अपनी जगह से हिलने नहीं देते.साल २०१८ में कुछ ऐसी वेब सीरीज़ आईं जिन्होंने धमाल मचा दिया. जिसमें दर्शकों को लव, सेक्स, और धोखा ये तीनों मसाले भरपूर थे. इनमें सबसे ज्यादा फेमस है अनुराग कश्यप की 'सेक्रेड गेम्स' जो बहुत ज्यादा चर्चा में रही और देशभर में वाहवाही भी लूटी. यह विक्रमचंद्रा के उपन्यास पर आधारित है जो २००६ में प्रकाशित हुई थी. उसके बाद आई 'लस्ट स्टोरीज़' जो कि करण जोहर, ज़ोया अख्तर, अनुराग कश्यप और दिबाकर बैनर्जी ने डाइरेक्ट की गई थी. जैसा के नाम से ही समझ में आता है इस सीरीज़ में दर्शकों को हर एपिसोड में नई स्टोरी के रूप में लस्ट देखने को मिला. लस्ट स्टोरी की खास बात यह भी देखी गई कि यह ४ औरतों की कहानी थी. इसमें औरतों को लेकर कुछ नया दिखाई दिया, क्योंकि इसमें औरतों की सेक्सुअलिटी यानी उनकी सेक्स को लेकर क्या राय है उसपर खुलकर बात की गई. इस स्टोरी में चारों औरतें अपने लस्ट को अलग- अलग तरीके से पूरा करने की कोशिश करतीं हैं.वेब सीरीज़ में हर कहानी अपनी जगह बनाती है, जिसमें हर किरदार हमारे समाज से जुड़ा हुआ होता है. पुराने ड्रामे में हम लेस्बियन और गे रिलेशनशिप को सिरे से खारिज़ कर दिया करते थे लेकिन आज वेब सीरीज़ में इनकी भी कहानियां दिखाई जाती हैं और वो भी बहुत खूबसूरत अंदाज़ में. इसमें ज़बरदस्ती की गालियों और दिखाए जाने वाले सेक्स सीन्स जबरदस्ती के लगते हैं. जैसे सिगरेट और शराब के सीन्स पर एक चेतावनी आती है वैसे ही ऐसे सीन्स पर भी आनी चाहिए. कहानियों की बात करें तो यहां औरतें मज़बूत दिखाई गई हैं और उनकी सेक्सुअलिटी और उनकी ज़रूरतों पर बात की गई है. लेकिन इनमें दिखाए जानेवाले सेक्स सीन्स बहुत ही भद्दे लगते हैं.नई वेब सीरीज अपहरण के सभी १२ एपिसोड १४ दिसंबर को रिलीज़ किए गए हैं. इस वेब सीरीज़ के क्रेज का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यू ट्यूब पर इसके ट्रेलर को ही अब तक ४७ लाख से ज़्यादा देखा जा चुका है. ७० के दशक की मसालेदार एंटरटेनमेंट, पुराने गाने, सेक्स और एक्शन से भरपूर ये वेब सीरीज आपको अंत तक बांधे रखेगी.नेटफ्लिक्स और अमेज़न ने हमारे देखने के तरीकों को पूरी तरीके से बदल दिया है. आज हम देखें तो बॉलीवुड के सितारे भी वेब सीरीज़ करना चाहते हैं क्योंकि यह सबसे अच्छा माध्यम बन गया है कि वह लोगों से अपने आपको जोड़ सके. आजकल की बीजी लाइफ में लगों के पास टीवी देखने का वक्त नहीं होता इसलिए लोग ऑफिस जाते वक्त या ट्रैवेलिंग करते वक्त अपने फ़ोन पर वेब सीरिज देखना पसंद करते है.

## विनोद खन्ना की पहली पत्नी, अक्षय खन्ना की मां गीतांजलि का निधन

स्वर्गीय अभिनेता विनोद खन्ना की पहली पत्नी गीतांजलि खन्ना का ७० साल की उम्र में निधन हो गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक गीतांजलि को कुछ बेचैनी होने पर परिजन हॉस्पिटल लेकर गए थे, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। हालांकि मौत की सही वजह का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक गीतांजलि मांडवा में बड़े बेटे अक्षय के साथ अपने फॉर्म



हाउस में रहती थीं। शनिवार रात को गीतांजलि को कुछ तकलीफ महसूस हुई जिसके बाद उन्हें अलीबाग सिविल हॉस्पिटल लेकर जाया गया, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी और डॉक्टर्स ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।गीतांजलि का अंतिम संस्?कार रविवार सुबह हुआ। बता दें कि १९७१ में विनोद खन्ना ने गीतांजलि से शादी की थी और दोनों के अक्षय और राहुल खन्ना दो बच्चे हैं।विनोद खन्ना जब अपने करियर के खास मुकाम पर थे तब उसी दौरान वो ओशो के भक्त बन गए थे।

## पूजा के बाद जहरीला प्रसाद खाने से ६ लोगों की मौत, ११ की हालत गंभीर, CM कुमारस्वामी ने दिए जांच के आदेश

**मसूरी:** कर्नाटक में शुक्रवार को एक मंदिर में खाना खाने के बाद १५ वर्षीय लड़की सहित छह लोगों की मौत होने की खबर है. हनूर तालुक के सुल्वाड़ी किचुगुट्टी मारम्मा मंदिर में पूजा समारोह का भोजन करने के बाद ८० से ज्यादा लोग बीमार हो गए है. सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जहां पर ११ लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है.जानकारी के मुताबिक, चामराजनगर जिले के सुल्वाड़ी गांव के मंदिर में पूजा समारोह के बाद लोगों को प्रसाद के तौर पर वेज पुलाव खाने में



परोसा गया. जिसे खाकर अचानक सभी की तबियत बिगड़ गई. थोड़ी ही देर बाद लोगों को उल्टीयां आनी शुरू हो गई और कई लोग बेहोश हो गए. वहीं पुलाव खाने वाले लगभग ६० कौवे भी मृत पाए गए है. पुलिस ने फूड प्वाइजनिंग की आशंका जताई है.हनूर पुलिस के मुताबिक मंदिर प्रबंधन ने मंदिर में एक समारोह आयोजित की थी. जिसके बाद दोपहर १२ बजे सभी लोगों ने वेज पुलाव खाया और तबियत ख़राब हुई. स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में सभी को विभिन्न अस्पतालों में इलाज के लिए पहुंचाया. जहां पर ६ लोगों ने दम तोड़ दिया.वहीं चामराजनगर जिले के कलेक्टर बीबी कावेरी ने बताया कि बीमार लोगों में से ४० से अधिक को कोलेगळ और हनूर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जबकि गंभीर रूप से बीमार ११ लोगों को मैसूरु के अस्पताल में भर्ती कराया गया है. उन्होंने कहा कि मामले की जांच के बाद कारण पता चल पाएगा.सूबे के मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने घटना पर दुख व्यक्त किया है. उन्होंने कलेक्टर को पूरे मामलें की जांच कर रिपोर्ट देने के लिए कहा है. साथ ही बीमार लोगों के इलाज की व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया हैं.

## फिलीपींस की कैटरिओना ग्रे के सिर सजा मिस यूनीवर्स का ताज

फिलीपींस की कैटरिओना ग्रे के सिर पर मिस यूनीवर्स २०१८ का ताज सजा। प्रतियोगिता में दक्षिण अफ्रीका की प्रतियोगी फर्स्ट रनर-अप और वेनेज़ुएला की सेकंड रनर अप रही। भारत की नेहल चुदासमा शीर्ष २० तक भी नहीं पहुंच पाईं।लाल रंग के हाई स्लिट गाउन में मिस यूनीवर्स का ताज सिर पर पहने ग्रे काफी उत्साहित नजर आईं। दक्षिण अफ्रीका की पूर्व मिस २०१७ डेमी ले नेल-पीटर्स ने कैटरिओना को अपने हाथों से ताज पहनाया। इससे पहले टॉप ५ के राउंड में फिलिपीन्स, साउथ अफ्रीका और वेनिजुएला के अलावा प्यूर्तो रिको और वियतनाम की कन्टेस्टेंट शामिल रहीं। तो वहीं मिस यूनिवर्स २०१८ के टॉप



१० राउंड में थाइलैंड के अलावा नेपाल, कनाडा, क्यूराकाओ, कॉस्टा रिका भी पहुंचे।

वहीं, अगर मिस इंडिया नेहल चुदासमा की बात करें तो वह टॉप १० तक में भी जगह नहीं बना पाईं। आपको जानकर हैरानी होगी कि इस बार मिस यूनिवर्स २०१८ में पहली बार ट्रांसजेंडर कैंडिडेट ने भी हिस्सा लिया। ट्रांसजेंडर कैंडिडेट की लिस्ट में स्पेन से आईं ऐंजेला पॉन्स पहली ट्रांसजेंडर कैंडिडेट रहीं। उनके स्टेज पर आते ही वहां मौजूद लोगों ने उनका शानदार स्वागत किया और हौसला बढ़ाने में मदद की। इस प्रतियोगिता में कुल ९४ देशों की सुंदरियों ने हिस्सा लिया था। वहीं, मुंबई की रहने वाली २२ साल की नेहल ६७वें मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में ९४ प्रतिभागियों में से शामिल थीं। पांच सेमी फाइनलिस्ट का चुनाव हर क्षेत्र अमेरिका, यूरोप, अफ्रीका, एशिया प्रशांत से किया जाता है। इसके साथ ही वाइल्ड कार्ड श्रेणी से भी एक का चुनाव किया जाता है। इस शो का आयोजन पांच बार एमी अवॉर्ड जीत चुके स्टीव हार्वी ने किया।

## पुलिस ने जारी की १८ आरोपियों की तस्वीर, संपत्ति होगी जब्त

**नई दिल्ली:** बुलंदशहर हिंसा मामले में जिला पुलिस ने फरार



१८ आरोपियों की तस्वीरें जारी की है। इन आरोपियों की चल संपत्ति भी जब्त करने की बात कही गई है। इन १८ आरोपियों में मुख्य आरोपी योगेश राज का भी नाम है। वो अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। इससे पहले एक स्थानीय अदालत ने गुरुवार को इस मामले में योगेश राज समेत सभी आरोपियों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया। से बात करते हुए प्रभाकर चौधरी, एसएसपी बुलंदशहर ने कहा, 'एसआईटी स्याना में हुई इस घटना की जांच कर रही है, कुछ आरोपियों को जेल हुई है और अन्यों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया है। हम उन लोगों को गिरफ्तार करने की कोशिश कर रहे हैं जो फरार हैं। अगर वे जल्द ही पकड़ में नहीं आए, तो हम उनके ऊपर इनाम घोषित करेंगे।' इस महीने की ३ तारीख को भड़की इस भीड़ हिंसा में पुलिस इंस्पेक्टर सुबोध कुमार सिंह और चिंगरावठी गांव के रहने वाले सुमित सिंह की मौत हो गई थी। स्याना इलाके के चिंगरावटी क्षेत्र में कथित गोकशी को लेकर भीड़ उग्र हो गई थी। दारोगा सुबोध कुमार सिंह की हत्या मामले में गिरफ्तार फौजी जितेंद्र उर्फ जीतू फौजी अभी न्यायिक हिरासत में है। जीतू फौजी राष्ट्रीय राइफल्स का हिस्सा है और जम्मू-कश्मीर के सोपोर में तैनात है। जिस दिन स्याना में हिंसा हुई थी उस दौरान वह छुट्टी पर घर आया हुआ था। हिंसा के बाद वह वापस ड्यूटी पर चला गया था। हिंसा के दौरान इंस्पेक्टर सुबोध कुमार सिंह के पास एक युवक नजर आ रहा था जिसकी पहचान पुलिस ने जीतू फौजी के रूप में की।

## पत्नी दोस्तों से फोन पर करती थी अश्लील बात, नाराज पति ने किया सुसाइड, अदालत ने महिला को दोषी मानने से किया इंकार

**मुंबई,** से सटे ठाणे से आत्महत्या को लेकर एक ऐसा मामला आया है. जिसके बारे में आप जानकर कुछ समय के लिए सोचने पर मजबूर हो जाएंगे की कोई एक छोटी सी बात पर कैसे आत्महत्या कर सकता है. लेकिन यह हकीकत है. मामला कुछ इस तरह से है ठाणे में रहने वाले एक बैंकर ने सिर्फ इसलिए आत्महत्या (Suicide) कर लिया की उसकी पत्नी उसके दोस्तों के साथ फोन पर अश्लील बात और फोन सेक्स करती थी.इस मामले में पुलिस ने परिवार के शिकायत पुलिस ने महिला के खिलाफ पति को आत्महत्या के लिए उसकाने को लेकर मामला दर्ज किया. मामला मुंबई हाईकोर्ट पहुंचा. कोर्ट में मामले की सुनवाई शुरू हुई. मृतक परिवार के वकील



ने कोर्ट को बताया की मृतक की पत्नी, पति के चोरी छुपे उसके दोस्त जो मुंबई और दुबई में रहतें है. उन लोगों का नंबर मिलने के बाद वह फोन पर अश्लील बात करती थी. जिस बात का पता पति को लगने के बाद वह सदमें में आ गया क्योंकि उसने महिला के फोन के मैसेस में भी कुछ अश्लील बातें पाया. जिसके बाद वह जुलाई २०१५ को आगा लगाकर आत्महत्या कर लिया. मुंबई हाई कोर्ट इस मामले में शुक्रवार को फैसला सुनानते हुए कहा कि महिला को इस आत्महत्या मामले में दोषी नहीं माना जा सकता है. क्योंकि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि उसने पति को आत्महत्या के लिए उकसाया. कोर्ट ने कहा, 'अगर आरोपी जानबूझकर फोन-सेक्स करती और अपने पति को उसकी चेतावनियों के बावजूद इसके बारे में बताती रहती तो इसे सोची-समझी प्रताड़ना माना जाता. ऐसे में महिला को धोखा देने का दोषी तो माना जा सकता है लेकिन आत्महत्या के लिए उकसाने का नहीं

## कृति सेनन की बिकिनी फोटोज ने इंटरनेट पर लगाई आग



इन दिनों कृति मालदीव में अपने परिवार के साथ छुट्टियां मना रही हैं. उन्होंने वेकेशन की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं. इन फोटोज में कृति का बोल्ड अवतार देखा जा सकता है. साथ ही वह इन तस्वीरों में काफी हॉट और सेक्सी लग रही हैं. इन तस्वीरों में कृति के साथ उनकी बहन नुपुर सेनन (ल्ल्ल्ले ऐंहदह) भी नजर आ रही हैं. कृति की तरह इन तस्वीरों में नुपुर भी काफी ग्लैमरस अंदाज में नजर आ रही हैं.सोशल मीडिया यूजर्स कृति की इन बोल्ड तस्वीरों को बेहद पसंद कर रहे हैं. कृति ने फोटो को कैप्शन देते हुए लिखा कि, 'मैं ब्लू फील कर रही हूं. ब्लू अच्छा है. मुझे ब्लू पसंद है. मुझे लगता है कि मैंने यहां पर भी अपना काम कॉर्नर ढूंढ लिया है.'आपको बता दें कि कृति सेनन को जल्द ही फिल्म 'लुका छिपी' में देखा जाएगा. इस फिल्म में उनके अपोजिट कार्तिक आर्यन नजर आएंगे. यह फिल्म अगले साल १ मार्च को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी.

# प्लेसमेंट एजेंसी ने विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर की करोड़ों की ठगी, इस तरह हुआ भंडाफोड़

**गाजियाबाद :** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले की एक प्लेसमेंट एजेंसी ने कनाडा में जॉब दिलाने के नाम पर करीब १०० लोगों के साथ धोखाधड़ी की है। इस कंपनी की पहचान एक फर्जी प्लेसमेंट एजेंसी के तौर पर हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक १०० लोगों के साथ एजेंसी ने करीब १ करोड़ रुपए का फर्जीवाड़ा किया है। इनमें से १५ लोग बिहार और उत्तर प्रदेश के बताए जाते हैं। ठगी के शिकार होने के बाद इन लोगों ने कविनगर पुलिस स्टेशन में एजेंसी के खिलाफ मामला दर्ज कराया।शिकायतकर्ताओं ने कहा कि उन लोगों ने इस एजेंसी के द्वारा जारी जॉब का विज्ञापन देखा था। इसमें कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में स्टोरकीपर, मेकैनिक और कुक इत्यादि की जॉब के लिए विज्ञापन दिया गया




था। इन नौकरियों के लिए मंथली सैलरी पैकेज ३०,००० से ४०,००० तक बताई गई थी। शिकायतकर्ताओं के मुताबिक इस एजेंसी का ऑफिस राजनगर जिले में है।शिकायत के अनुसार हर एक कैंडिडेट से वीजा और अन्य औपचारिकताओं को मिलाकर करीब डेढ़ लाख रुपए वसूले गए थे। बिहार के रक्सौल के रहनेवाले विकास कुमार ने कहा कि नौकरी का ये विज्ञापन तीन महीने पहले हर बड़े अखबारों में दिया गया था। जब मैंने एजेंसी के कॉन्टैक्ट किया तो उन्होंने ऑफिस आकर फॉर्म भरने संबंधी औपचारिकताएं पूरी करने को कहा।अगले ही महीने एजेंसी ने विकास से १.६० लाख रुपए मेडिकल टेस्ट, बीमा और वीजा प्रक्रिया के नाम पर लिए। मुझे कनाडा में स्टोरकीपर की जॉब ऑफर की गई। इसलिए मैंने उनके कहे अनुसार आगरा के एक बैंक अकाउंट में पैसे जमा कराए। पिछले सप्ताह ही एजेंसी ने मेरे वीजा की कॉपी मुझे भेजी है औ कहा है कि मेरी फ्लाइट १८ दिसंबर की है।जबकि एजेंसी के मालिकों राज राणा और मनु शर्मा ने १० दिसंबर से ही अपना फोन बंद कर रखा है। इसके बाद विकास को पता चला कि उसके जैसे कई औ पीड़ित है। वह २-३ अन्य लोगों के साथ मिलकर गुरुवार को गाजियाबाद उनके ऑफिस पहुंचा, लेकिन वहां जाकर उन्होंने देखा कि ऑफिस में ताला लगा हुआ था। उन्होंने तत्काल कवि नगर पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई।शिकायत के बाद पुलिस की एक टीम ऑफिस साइट पर पहुंची लेकिन उन्हें भी वहां से खाली हाथ लौटना पड़ा। कवि नगर थाने के एसएचओ राज कुमार राणा ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा ४१९ और ४२० के तहत धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया गया है और उनकी जांच की जा रही है।

# निर्भया कांड के ६ साल बाद दिल्ली में फिर दरिंदगी, ३ साल की मासूम बनी शिकार

**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में १६ दिसंबर की काली रात एक बार फिर किसी मासूम के लिए कहर बनकर गुजरी। ६ साल पहले दिल्ली में निर्भया के साथ हुई दरिंदगी ने देशभर को हिलाकर रखा दिया था। तब महिलाओं की सुरक्षा को लेकर तमाम वादे किए गए और सख्त कानून भी सामने आया, लेकिन महिलाओं की सुरक्षा को लेकर आज भी स्थिति में कोई खास बदलाव नहीं आया है। निर्भया कांड के ठीक ६ साल बाद एक बार फिर एक मासूम राष्ट्रीय राजधानी में दरिंदगी का शिकार बनी, जो महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा को लेकर नए सवालों और चिंताओं को जन्म देती है।राष्ट्रीय राजधानी के बिंदापुर इलाके में रविवार (१६ दिसंबर) को ४० साल के




एक शख्स ने अपने ही पड़ोस में रहने वाली ३ साल की मासूम को हवस का शिकार बनाया। बच्ची को गंभीर हालत में अस्तपाल में भर्ती कराया गया है। आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कयिा गया है, जो एक रहियशी कॉलोनी में गार्ड के तौर पर काम करता था।घटना रविवार शाम करीब ४ बजे की बताई जा रही है, जब बच्ची घर के बाहर खेल रही थी। बताया जाता है कि वह बच्ची को चॉकलेट दिलाने के बहाने अपने साथ किसी सुनसान स्थान पर ले गया और फिर उसके साथ दरिंदगी की। बाद में स्थानीय लोगों को बच्ची बेहोशी की हालत में एमसीडी स्कूल के पास मिली। उसके प्राइवेट पार्ट पर जख्मों के निशान थे, जबकि पूरे शरीर पर नाखूनों और दांतों से काटे जाने के निशान थे। लोगों ने उसके माता-पिता को जानकारी दी और बच्ची को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे आईसीयू में भर्ती कराया गया।स्थानीय लोगों ने बाद में आरोपी को पकड़ लिया और पिटाई के बाद पुलसि को सौंप दिया। आरोपी शादीशुदा है और यहां पिछले तीन साल से रह रहा था। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाती मालीवाल ने घटना पर दुख जताते हुए कहा, 'निर्भया कांड को ६ साल हो गए हैं, फिर भी दिल्ली और देश में कुछ नहीं बदला है। दिल्ली में ३ साल की बच्ची के साथ ४० साल के शख्स से दरिंदगी की। बच्ची गंभीर हालत में जिंदगी और मौत के बीच झूल रही है।' उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नाबालिगों से दुष्कर्म के दोषियों को घटना के ६ माह के भीतर सजा सुनाने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन करने की अपील की।

# २ रुपये का लालच देकर लूट ली मासूम की अस्मत, आरोपी शख्स की हुई जमकर धुनाई

**नागपुर:** महाराष्ट्र के नागपुर में एक नाबालिग लड़की को दो



रुपये देने का लालच देकर आरोपी ने हवस का शिकार बनाया । यह वाकया सामने आने के बाद गुस्साई भीड़ ने आरोपी की जमकर पिटाई की है। नागपुर के जरीपटका पुलिस थाने के परिसर में यह वारदात हुई है। इस मामले में पुलिसने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम शमीम उर्फ मोंटू शेश लतीफ (३० साल) है। आरोपी और पीड़ित लडकी एक ही इलाके में रहते है। पीड़ित लड़की चौथी कक्षा में पढ़ती है और उसके माता-पिता मजदुरी का काम करते है।१४ दिसंबर के दिन दोपहर तीन बजे पीडित लडकी अपने घर के बाहर खेल रही थी। तभी आरोपीने उसे अपने पास बुलाया और दो रुपये देने का लालच देकर अपने घर के अंदर ले गया। आरोपी मोंटू ने न केवल बलात्कार किया बल्कि उसने मासूम लड़की को धमकाया भी। आरोपी ने कहा कि अगर उसने जुबां खोली तो वो उसे जान से मार देगा। डर की वजह से पीड़िता ने किसी को कुछ नही बताया। लेकिन दूसरे दिन पीड़िता की मां उसे नहला रही थी और तभी उसके शरीर पर घाव देखे। उसके बाद पीड़िता ने सारा वाकया अपनी मां को बताया। पीड़िता के पिता घर आते ही यह वारदात उन्हें पता चली फिर धीरे-धीरे पुरे मुहल्ले में यह खबर फैल गई। इस मामले में पीडिता के पिताने जरीपटका पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कर दी। जिसके बाद पुलिसने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# मलयालम अभिनेत्री ड्रग्स के साथ हुई गिरफ्तार, पार्टी में थी मादक पदार्थ पहुंचाने की कोशिश

**नई दिल्ली:** टीवी और फिल्म की लोकप्रिय अभिनेत्री अश्वथी बाबू को मादक पदार्थ रखने के आरोप में उनके ड्राइवर के साथ रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया। त्रिकक्करा पुलिस थाने के एक अधिकारी



ने इस गिरफ्तारी की पुष्टि की। अधिकारी ने नाम न जाहिर करने के अनुरोध के साथ कहा, अश्वथी और उनके ड्राइवर को उस समय हिरासत में ले लिया गया, जब वे यहां अपने आवास के नजदीक एक ग्राहक को एमडीएमए नामक मादक पदार्थ देने का इंतजार कर रहे थे।अधिकारी ने कहा, उनकी गिरफ्तारी दर्ज की गई है और इस मामले में और विवरण जुटाने के लिए एक विस्तृत जांच शुरू की गई है। अश्वथी तिरुवनंतपुरम से हैं और उन्होंने कई फिल्मों और धारावाहिकों में काम किया है। एमडीएमए आमतौर पर देर रात की पार्टियों में लिया जाता है। पुलिस ने कहा कि रविवार की गिरफ्तारी मुखबिर की सूचना पर हुई है।पुलिस को पता चला था कि यह ड्रग्स बेंगलुरु से स्मगलिंग कर के लाया गया था। अमिनेत्री का ड्राइवर इसे तस्करी कर के लाया था। अश्वथी तिरुवनंतपुरम की रहने वाली हैं। इस ड्रग कापूरा नाममेथिलिडेनियोक्सीमैथम्फेटामाइन (एमडीएमए) है। इसे एक्स्टसी के रूप में भी जाना जाता है। ड्रग को लोग रेव पार्टी आदि में अपने मूड को बदलने के लिए प्रयोग करते हैं। ड्रग को लोग रेव पार्टी आदि में अपने मूड को बदलने के लिए प्रयोग करते हैं। इससे पहले सितंबर में एक्साइज डिपार्टमेंट ने एर्नाकुलम से ही २०० करोड़ के ही ड्रग जब्त किए थे।

# मोबाइल पर पॉर्न देखकर १४ साल के नाबालिग ने किया बच्चे से कुकर्म

**नागपुर :** महाराष्ट्र के नागपुर से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। १४ साल के एक नाबालिग लड़के पर पड़ोस में रहने वाले ७ साल के लड़के के साथ कुकर्म का आरोप है। आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। बताया जाता है कि पॉर्न देखकर उसने ऐसा किया। पुलिस का कहना है कि उसने आरोप कबूल भी कर लिया है। रिपोर्ट के अनुसार, मामला नागपुर के कलमना पुलिस थाने के इलाके की है। बताया जाता है कि १४ साल का आरोपी लड़का मोबाइल पर गेम खेलने के बहाने अपनी मां से मोबाइल मांगता था और इसी बीच उसे मोबाइल पर पॉर्न देखने की लत लग गई। इसी वजह से लड़के ने पडोस में रहने वाले सात साल के बच्चे के साथ कुकर्म किया।बताया जाता है कि वह पिछले कुछ दिनों से अपने पड़ोस में रहने वाले ७ वर्षीय बच्चे के साथ ज्यादती कर रहा था। बच्चे के हावभाव में बदलाव देखकर उसकी मां ने इस बारे में उससे पूछा तो उने अपने साथ हुई ज्यादती के बारे में बताया। इसके बाद उसकी मां ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने तत्काल आरोपी को हिरासत में ले लिया।

# सैलून में चल रहा देह व्यापार का धंधा, नागपुर पुलिस ने सेक्स रैकेट का किया पर्दाफाश

**नागपुर :** महाराष्ट्र के नागपुर शहर में फिर से एक बार सेक्स रैकेट का पर्दाफाश हुआ है। सेक्स रैकेट एक सैलून में चल रहा था।नागपुर पुलिस की सोशल सर्विस ब्रांच (एएँ) ने छापा मार यह सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है जबकी इस रैकेट में शामिल एक महिला भागने में कामयाब हुई।

नागपुर के मानेवाडा में ईराई विहार में शाइन सैलून है। इस सैलून में सेक्स रैकेट चलाया जाता है ऐसी खबर सोशल सर्विस ब्राँच को मिली थी। इस तरह की जानकारी मिलने के बाद पुलिस



ने एक डमी ग्राहक भेज कारवाई की।१४ दिसंबर को शाम करीब ७ बजे सोशल सर्विस ब्रांच ने एक डमी ग्राहक सैलून में भेजा । जिसके बाद आरोपी ने तीन लडकियों को बाहर बुलाया। इस सबके बाद डमी ग्राहक ने पुलिस को इशारा किया और एसएसबी टीम ने सैलून पर छापा मारा ।छापा मारते ही पुलिसने ३० वर्षीय आरोपी सुनिल उर्फ समीर राजू वाहणे को गिरफ्तार किया और तीन लडकियोंको रिहा किया । जबकी महिला आरोपी संगिता गजभिये फरार है। आरोपी सुनिल और संगिता यह दोनो मिलके सैलून में सेक्स रैकेट चलाते थे । वहाँ लडकीयोंको पैसे की लालच देकर उनसे मसाज के नामपर देहव्यापार कराया जाता था ।

**सेक्स रैकेट के खिलाफ कारवाई शुरू**

आरोपी सुनिल उर्फ समीर राजू वाहणे नागपुर के यादव नगर इलाके में रहता है । पुलिसने उसे गिरफ्तार कर लिया है । पुलिसने आरोपी सुनिल और संगिता के खिलाफ मामला दर्ज कर कारवाई शुरु की है । पिछले हफ्ते नागपुर पुलिस ने ऐसे ही एक सेक्स रैकेट का पर्दाफाश किया था । वह सेक्स रैकेट एक कार से चलाया जाता था। आरोपियों ने ग्राहकों के लिए कार के अंदर एक खास बेड बनवा लिया था । पुलिस को खबर मिलते ही, छापा मार आरोपी को गिरफ्तार किया था।

# कभी मिलती थी 2.5 लाख रुपए सैलरी, अब कारजैकिंग और चेन स्नैचिंग के लिए हुआ गिरफ्तार

**नई दिल्ली:** ३५ साल का मुंबई के वासी का निवासी, जो कि एक टेक कंपनी में वाइस प्रेसिडेंट के रूप में काम करता था, को कारजैकिंग और चेन स्नैचिंग के लिए गिरफ्तार किया गया है। 'द टाइम्स ऑफ इंडिया' के मुताबिक ५ साल पहले सुमित सेनगुप्ता ने पारिवारिक समस्याओं की वजह से नौकरी छोड़ दी थी। यहां वह प्रति माह २.५ लाख रुपए की सैलरी पर थे। जांचकर्ता अधिकारी विकास गायकवाड़ ने बताया, '२०१५ में सेनगुप्ता की पत्नी ने वासी पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ क्रूरता की शिकायत दर्ज की थी। निजी कारणों से



वह तनाव में था। जब उसके पास नौकरी नहीं थी, तो उसे अपनी शानदार जीवनशैली चलाने के लिए मुश्किल हो गया। उसे नशे की लत लग गई।'सेनगुप्ता ने पुलिस को बताया है कि उसने एक अग्रणी तकनीकी संस्थान से इंजीनियरिंग कोर्स पूरा किया और टैक कंपनी के पुणे कार्यालय में काम कर रहा था। गायकवाड़ ने कहा, 'हमने १२ दिसंबर को वासी में महिला की चेन छीनने के २४ घंटे के भीतर सेनगुप्ता और उसके सहयोगी नितिन अग्रवाल (२५) को गिरफ्तार कर लिया। जब उन्होंने चेन छीनी दोनों चुराई गई कार में थे।'९ दिसंबर को वासी में फोर्टिस अस्पताल के बाहर वाहन चालक को गोली मारने की धमकी देकर सेनगुप्ता ने अपराध में इस्तेमाल की गई कार लूटी थी। उसके पास वास्तव में बंदूक नहीं थी, उसने डराने के लिए कार चालक के सिर पर लोहे की कोई वस्तु लगाई थी। इसके ३ दिन बाद उसने क्राइम को अंजाम दिया।उन्होंने बताया, '२०१७ में वासी पुलिस स्टेशन में उसके खिलाफ एक और चोरी का मामला दर्ज किया गया था। हम पता कर रहे हैं कि क्या उसके खिलाफ किसी अन्य पुलिस स्टेशन में कोई और अपराध दर्ज है या नहीं।'

# ससुराल वालों ने महिला की अश्लील फोटो फेसबुक पर डालीं, FIR दर्ज

**गाजियाबाद:** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से एक हैरान और चौंका देने वाली घटना




सामने आई है। कोतवाली की २५ साल की महिला ने अपने ससुराल वालों पर आरोप लगाया है कि उन्होंने उसकी तस्वीरों से छेड़छाड़ कर अश्लील फोटोज को उसके नाम से नकली फेसबुक अकाउंट पर अपलोड कर दिया। महिला का दावा किया कि छह महीने पहले सड़क दुर्घटना में उसके पति की मौत के बाद उसके ससुराल वालों ने उसे और उसके दो साल के बेटे को घर से बाहर निकाल दिया।बाद में जब उसने अपने पति के बैंक खाते के विवरण की मांग की, तो उन्होंने कथित तौर पर उसे गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।महिला ने आरोप लगाया, 'मेरे नाम पर दो फेक अकाउंट बनाए गए थे और दोनों में अश्लील मैसेज और तस्वीरें हैं। मुझे इसके बारे में अपने एक दोस्त से पता चला। मुझे नहीं पता है कि मेरे नाम को बदनाम करने के लिए कितने दुर्भावनापूर्ण खाते बनाए गए हैं। ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि मुझे अपने पति की संपत्ति में कोई हिस्सा नहीं मिले।'कोतवाली पुलिस थाने के एसएचओ जय करण सिंह ने कहा कि उन्हें मामले में कुछ लीड मिली हैं। महिला के रिश्तेदारों में से एक इसके पीछे है, लेकिन हम कुछ सबूत इकट्ठा करने की कोशिश कर रहे हैं।महिला का पति विजय नगर में जूते की दुकान चलाने का काम करता था। महिला ने कहा, '१ जून को मेरे पति की मृत्यु के बाद से मुझे ससुराल वालों द्वारा यातना दी जा रही है। उन्होंने अंततः मुझे घर से बाहर निकाल दिया और मेरे पति की संपत्ति पर कब्जा कर लिया। मैं अपने पति के घर से बाहर निकाले जाने के बाद अपने माता-पिता के घर में रह रही हूं।'एफआईआर के बाद, दो फेसबुक खातों को हटा दिया गया है।

# आयुर्वेद पंचकर्म के नाम पर सेक्स रैकेट, धंधा चलाने वाली महिला गिरफ्तार

**पुणे :** पुणे पुलिस की सोशल सर्विस ब्रांच SSB ने एक सेक्स रैकेट का पर्दाफाश किया है। गौर करनेवाली बात यह है कि सेक्स रैकेट का यह गोरखधंधा 'आयुर्वेदिक पंचकर्म' के नाम पर चलाया जा रहा था। इस मामले में पुलिस ने छापा मार तीन लड़कियों को इस चंगुल से छुड़ाया। साथ ही यह रैकेट चलाने वाली ३४ वर्षीय महिला को गिरफ्तार किया गया है।



पुणे पुलिस के कर्मचारी सचिन कदम को इसकी जानकारी मिली कि 'आयुर्वेदिक पंचकर्म' के नाम पर सेक्स रैकेट का गोरखधंधा चलाया जा रहा है। इसके बाद उन्होंने यह जानकारी अपने वरिष्ठ अधिकारियों को दी। 'आयुर्वेदिक पंचकर्म' सेंटर में सेक्स रैकेट चलाया जाता है इस बात की पुलिस ने पुष्टि की और फिर छापा मारा गया। सोशल सर्विस ब्रांच और हडपसर पुलिस ने मिलकर यहां पर कारवाई की।सोशल सर्विस ब्रांच ने 'समृद्धि आयुर्वेदिक पंचकर्म' पर छापा मार ३ लड़कियों को रिहा किया है। यह आयुर्वेदिक पंचकर्म सेंटर पुणे के मांजरी इलाके में ऑम्बीयन्स रेसिडन्सी में चलाया जा रहा था। छापा मारते वक्त पुलिस ने ३४ वर्षीय ज्योति अरुण धिवार को गिरफ्तार किया है।पैसों का लालच देकर ज्योति लड़कियों से देह व्यापार का काम करवा लेती थी। पुलिस ने ज्योति को गिरफ्तार कर आगे की कारवाई शुरु की है। पुलिस ने छापा मारा तभी 'आयुर्वेदिक पंचकर्म' सेंटर से ४०० रुपए कैश, आधार कार्ड, मोबाइल फोन, फ्लॅट अग्रीमेंट की जेरॉक्स कॉपी जप्त की है।

## रेप मामले में दाती महाराज को दिल्ली की साकेत अदालत ने किया तलब

रेप केस मामले में दाती महाराज की मुसीबत बढ़ गई हैं. राजधानी दिल्ली के साकेत कोर्ट ने दाती महाराज और उनके ३ भाइयों को २३ जनवरी को अदालत में हाज़िर होने को कहा हैं. दिल्ली क्राइम ब्रांच द्वारा दायर चार्जशीत का संज्ञान लेते हुए अदालत ने यह निर्णय लिया हैं. बता दें कि ३० अक्टूबर को केंद्रीय जांच ब्यूरो ने स्वयंभू संत दाती महाराज के खिलाफ यौन उत्पीड़न मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय में स्थिति रिपोर्ट दाखिल की थी.सीबीआई ने दाती महाराज के खिलाफ अपने आश्रम के एक अंत:वासी के साथ दुष्कर्म व अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने के आरोपों पर मामला दर्ज किया है और जांच कर रही है.

# शौच के लिए गई लड़की का अपहरण कर किया गैंगरेप, ऐसे हुआ खुलासाक्राइम

**नई दिल्ली:** हरियाणा के पलवल में रात के समय शौच के लिए घर से बाहर निकली एक नाबालिग लड़की के साथ गैंगरेप की घटना सामने आई है। १४ वर्षी लड़की का दो युवकों ने अपहरण कर उसके साथ बलात्कार किया। पुलिस ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि लड़की की जांच कराई गई है जिसमें उसके साथ बलात्कार की पुष्टि हुई है। आरोपी फिलहाल पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं।

पुलिस ने बताया कि आरोपी युवक वारादात को अंजाम देने के बाद पीड़िता को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घर पहुंची पीड़िता ने आपबीती परिजनों को बताई और इस संबंध में महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई। कुछ वक्त पहले भी हरियाणा में नाबालिग बच्ची के साथ रेप का मामला सामने आया था। घटना रेवाड़ी जिले की थी। ८ साल की एक बच्ची को यहां ३८ साल के एक व्यक्ति ने हवास का शिकार बनाया था। आरोपी ने स्कूल से घर से लौ रही बच्ची के साथ रेप किया था। आरोपी लड़की को पास एक खेत में ले गया और उसके साथ बलात्कार किया। घर पहुंचने के बाद लड़की ने अपनी मां को इस घटना के बारे में बताया।

# राधे मां की बढ़ सकती हैं मुश्किलें, धमकी देने और ब्लैकमेलिंग मामले में हुआ SIT का गठन

**मुंबई,** खुद को देवी का अवतार बताने वाली राधे मां के द्वारा पंजाब के फगवाड़ा में रहने वाले सुरेंद्र मित्तल को धमकी देने और ब्लैकमेलिंग मामले में उनकी मुश्किलें बढ़ सकती है. पीड़ित के शिकायत के बाद जांच के लिए राधे मां के खिलाफ जांच करने के लिए एघ्ऊ का गठन हुआ है. अब इस पूरे केस की जांच एसपी इंवेस्टिगेशन सतनाम सिंह व एएसपी संदीप मलिक करेंगे. इस केस के जांच के लिए एघ्ऊ का गठन हुआ है. कपूरथला के एसएसपी सतिंदर सिंह ने इस बात की जानकरी पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट को एक हलफनामा दायर करके दी. एसएसपी सतिंदर सिंह कोर्ट में हलफनामा दायर करने के दौरान अदालत से मामले की जांच के लिए एक महीने का समय भी मांगा. ताकि मामले की जांच पड़ताल एघ्ऊ की टीम ठीक तरह से कर सके. जो कोर्ट ने उनकी इस मांग को भी स्वीकार करते हुए उन्हें दो महीने का समय दिया है. दो महीने के बाद उन्हें कोर्ट के समक्ष रिपोर्ट सौपना है. लेकिन कोट इस दौरान पूर्व एसएसपी संदीप शर्मा द्वारा झूठी जानकारी देने के मामले की जांच डीजीपी को सौंपते हुए इसकी जानकारी कोर्ट को देने के आदेश दिए हैं. दरअसल इसके पहले इस पूरे मामले की जांच पूर्व एसएसपी संदीप शर्मा कर रहे थे. ऐसा कहा जाता है कि उन्होंने इस केस को गलत दिशा में जांच किया था.एसएसपी सतिंदर सिंह कोर्ट को बताया कि शिकायतकर्ता ने जो कॉल रिकार्डिंग दी थी उसका मिलान राधे मां के जगरातों, टीवी कार्यक्रम के दौरान की फुटेज से प्राप्त वॉयस सैंपल से मिलान के लिए सीएफएसएल को भेजा था. रिपोर्ट आ चुकी है, जिसमें कहा गया है कि दोनों वॉयस सैंपल काफी हद तक मिलते हैं और कॉल रिकार्डिंग वाली आवाज राधे मां की हो सकती है. लेकिन उनकी टीम कुछ अन्य पहलुओं पर भी जांच करने वाली है. जिसके लिए उनकी टीम उनसे पूछताछ के



लिए मुंबई भी जाएगी.

**क्या है पूरा मामला**

दरसल पंजाब के फगवाड़ा के रहने वाले सुरेंद्र मित्तल ने याचिका दायर कर कहा था. अपने को देवी बताने वाली राधे मां से उसे लगातार धमकियां मिल रही हैं कि वह उनके खिलाफ न बोले. क्योंकि उसने राधे मां के खिलाफ शिकायत की थी कि राधे मां जागरण में खुद को मां दुर्गा का अवतार कहकर त्रिशूल धारण कर बैठती हैं. इससे उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं. याचिका में कहा गया कि उनके साथ कई लोगों ने राधे मां का विरोध किया था और जागरण नहीं होने दिया था.इस बात को लेकर राधे मां इन सुरेंद्र मित्तल पर नाराज हो गई. जिसके बाद उन्हें राधे मां की तरफ से पहले तो फोन कर पैसों के लिए का ऑफर किया गया. ऑफर स्वीकार न करने पर उन्हें धमकियां मिलने लगी. कहा गया कि वे इस मामले में चुप बैठे तो ही उनके लिए ठीक रहेंगा. जिसके बाद पीड़ित राधे मां के खिलाफ धार्मिक भावनाएं आहत करने, रुपये ऑफर करने व धमकियां मिलने को लेकर उन्होंने पुलिस को शिकायत की. लेकिन पुलिस राधे मां के राजनीतिक संबंधो के चलते कोई कार्रवाई नहीं की. जिसके बाद पीड़ित इस धमकी को लेकर पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट याचिका दायर की.

**गोवा में पालोलेम बीच के पास ४२ वर्षीय ब्रिटिश नागरिक का हुआ बलात्कार**

दक्षिण गोवा के प्रसिद्ध पालोलेम बीच के निकट अज्ञात लोगों द्वारा ४२ वर्षीय एक ब्रिटिश नागरिक से दुष्कर्म किया गया. पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी. पुलिस इंस्पेक्टर राजेंद्र प्रभुदेसाई ने संवाददाताओं से कहा कि यह घटना सुबह ४.३० बजे घटित हुई, जब पीड़ित कनकोणा रेलवे थाने से पालोलेम गांव के निकट अपने किराए के घर आ रही थी. अधिकारी ने कहा, 'हमें दी गई जानकारी के आधार पर हमने संदिग्धों की एक सूची बनाई है. जांच जारी है.'अपराध शाखा के अधिकारी जांच में दक्षिण गोवा जिला पुलिस की मदद कर रहे हैं. भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा ३७६ के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई है. पीड़िता कई सालों से तटवर्ती राज्य की यात्रा पर आती रही है.गोवा एक लोकप्रिय पर्यटन गतंव्य है, जो हर साल ७० लाख से ज्यादा पर्यटकों को आकर्षित करता रहा है. इसमें ५ लाख पर्यटक विदेशों से आते हैं. गोवा में पर्यटन का मौसम अक्टूबर से शुरू होकर मार्च में खत्म होता है.बीते एक दशक से विदेशी लोगों खास तौर से महिलाओं के खिलाफ अपराध गोवा में चिंता की वजह बन गया है.

# मशहूर बैडमिंटन चैम्पियन साईना नेहवाल भी शादी के बंधन में बंध गई

**हुस्नबानों नुरमोहम्मद की कलम से..**

आजकल बॉलीवुड और टॉलीवुड में शादियों का खूब धूम धडाका है। इस साल बॉलीवुड और टॉलीवुड में सबसे ज्यादा शादियां हुई। बरसों पुराने याराने, बरसों पुरानी दोस्ती और मोहब्बतें शादी के बंधन में बंधकर उन्होंने एक नई जिन्दगी की शुरुआत की। वहीं एक शादी भारतीय बैडटिंन चैम्पियन साईना नेहवाल की है।

अपनी १३-१४ साल पुरानी दोस्ती और मोहब्बत का उन्होंने गंभीरता से फैसला करते हुए १४ दिसंबर शुक्रवार के दिन हैदराबाद में कोर्ट मैरेज कर लिया है। बता दें कि शादी के लिए कोई शानदार हॉल बुक नहीं किया गया था, बल्के कम्युनिटी क्लब ऑफ गच्ची बावली, साईना जी के घर के पास ही शादी का प्रोग्राम रखा गया। शादी में केवल साईना नेहवाल और परुपल्ली कशीप, इन दोनों घरानों के फैमिली मेम्बर्स और करीबी दोस्तों-साथियों ने ही शिरकत की थी।

शादी के बाद नॉर्थ इंडियन पद्धति की एक छोटी सी पूजा का आयोजन भी किया गया। साईना नेहवाल ने सोशल मीडिया पर कुछ फोटो शेअर करते हुए कहा - ''जस्ट मेरिड'' यह मेरी जिन्दगी का एक बेस्ट मैच है।

साईना नेहवाल के पति परुपल्ली कशीप के दोस्तों और करीबी साथियों में दो बेस्ट मैन, एक गुरु, साई दत्त और दूसरे एच. एस. प्रोनाय, जिन्हें परुपल्ली बहुत मानते हैं, उनमें गुरु साई दत्त जी का कहना था कि ''वो दोनों एक दूसरे को बहुत अच्छे से और करीब से जानते हैं और मोहब्बत का यह सुहाना सफर बड़ी मध्यम गति से १३-१४



साल से चल रहा है, फिर शादी में इतनी देर क्यों...? शादी के बंधन में बंधकर वह इस रिश्तें को और मजबूत क्यों नहीं कर लेतें...? यह एक सवाल था, जिसका जवाब शादी के बाद मिल गया।

साईना जी और परुपल्ली कशीप कहते हैं, ''अब हम कायदे के अनुसार पति-पत्नी हैं, इस रिश्ते से हम खुश हैं, अब इसके बाद जो सफर शुरू होगा, बहुत ही ब्युटीफुल होगा और इससे जुड़ी हुई बहुत सी सुंदर यादें हमेशा हमारे साथ रहेंगी।''

यह शादी बहुत ही सिम्पल पद्धति से हुई, स्वयं साईना जी का कहना है कि शादी का डिशिजन बहुत जल्दी में और कम समय में लिया गया। शादी के दिन बनी-संवरी खनकती चुड़ियां पहनती, ना ही सुंदर कंगन पहने और ना ही अनमोल हीरे की अंगूठी पहनी, ना ही नाक में नथ और माथे पर बिन्दीया, बस सीधे-साध बिल्कुल सिम्पल तरीके से शादी हो गई।

शादी के बाद १६ दिसंबर को हैदराबाद के एक फाईव स्टार होटल में रिशेप्शन रखा गया। रिशेप्शन में कुल ८०० मेहमान थे। जिसमें फिल्म जगत के और स्पोर्ट्स के कुछ लोगों के अलावा एम एस. धोनी और सचिन तेंदुलकर शरीक थे। इन सब के अलावा आंधरा और तेलगु फिल्म इंडस्ट्री के अदाकार चिंरजीवी और नागार्जुन खास मेहमानों में से एक थे।

साईना नेहवाल की फैमिली उनके दामाद परुपल्ली कशीप से बहुत खुश हैं। वो कहते हैं कि परुपल्ली बहुत ही भले मानस हैं और वह कॉमन वेल्थ गोल्ड - मेडलिस्ट भी हैं और साथ ही अर्जुन अवार्ड विनर भी है। इसके अलावा परुपल्ली के पैरन्ट्स भी बहुत अच्छे हैं। साईना जी के घर वाले उन्हें लगभग २० साल से जानते हैं। वह बहुत अच्छे और सीधे-साधे परिवार के लोग हैं।

साईना जी के पिता हरवीर सिंग भावुक (जज्बाती) होकर कहते हैं कि ''कॉबीनेशन बड़ा अच्छा है, किंतु बेटी की शादी हो गई है। अब वो दुसरे घर जाएगी, बाकी तो सब ठीक है। बेटी खुश रहे, यह हमारी सब से बड़ी खुशी है।

# गिर के जंगल में ट्रेन से कटकर ३ शेरों की मौत



**अहमदाबाद :** गुजरात के अमरेली जिले में गिर वन के निकट मालगाड़ी की चपेट में आकर तीन शेरों की मौत हो गई. यह घटना अहमदाबाद से तकरीबन २५० किलोमीटर दूर अमरेली जिले के सावरकुंडला तालुका में बोराला गांव के निकट उस वक्त हुई जब छह शेरों का झुंड गांव से गुजरने वाली पटरी से गुजर रहा था.

यह गांव गिर के जंगलों के नजदीक स्थित है. जूनागढ़ वन्यजीव सर्किल के मुख्य वन संरक्षक डी टी वसवाडा ने पीटीआई-भाषा को बताया, ''बोटाड से पिपावाव बंदरगाह जा रही एक मालगाड़ी ने मध्यरात्रि के समय छह शेरों के झुंड में से तीन को टक्कर मार दी, जिसमें दो शेरों और एक शेरनी की मौत हो गई.''

उन्होंने कहा कि गुजरात वन विभाग ने जांच के आदेश दिये हैं. उन्होंने कहा, ''हम इस बात की जांच करेंगे कि क्या ट्रेन काफी तेज गति से जा रही थी जिससे यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई. हम इस बात की भी जांच करेंगे कि क्या वन कर्मी या शेरों पर नजर रखने वाले कर्मचारियों की तरफ से कर्तव्य निर्वहन में चूक हुई. दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी.''

इस घटना के साथ ही इस साल सितंबर से गिर के जंगल और उसके आस-पास शेर के बच्चों समेत कुल ३५ शेरों की मौत हुई है. उनमें से कुछ की प्राकृतिक मौत हुई है जबकि कई अन्य केनाइन डिस्टेंपर वाइरस (सीडीवी) और प्रोटोजोआ संक्रमण के शिकार हुए.

# तीन राज्यों में हार के लिए पीएम नरेंद्र मोदी जिम्मेदार: शिवसेना

**मुंबई,** शिवसेना के मुखपत्र सामना ने राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी को मिली हार का ठीकरा सीधे तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर फोड़ा है। एक तीखे संपादकीय में सामना ने कहा है कि बीजेपी की हार का जिम्मा पीएम मोदी पर होना चाहिए क्योंकि चुनाव प्रचार अभियान में उन्होंने पार्टी का नेतृत्व किय था और अपने कैबिनेट के मंत्रियों को भी उसमें लगाया। सामना में कहा गया है, 'बीजेपी अब कह रही है कि तीन राज्यों में उसकी हार की वजह मुख्य रूप से इसलिए हुई क्योंकि स्थानीय नेतृत्व ने टिकट गलत तरह से बांटे लेकिन क्या कभी किसी चुनाव में मिली जीत के लिए उन्होंने राज्य स्तर के नेताओं को श्रेय दिया है' पीएम पर तीखा हमला करते हुए संपादकीय में कहा गया है, 'मोदी और शाह ने तीनों राज्यों में करीब ४० जनसभाएं कीं। चुनाव प्रचार करते हुए मोदी प्रधानमंत्री पद की गरिमा को भूल गए।' इससे पहले शिवसेना ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी को विनम्र तो पीएम मोदी को अकडू बता दिया। वहीं, पार्टी नेता संजय राउत ने बीजेपी को हार के बाद आत्मचिंतन कि जरूरत बता दी थी।

# 'काश! पाकिस्तान में पैदा हुआ होता.'-सोनू निगम

**शाहीन सय्यद**

मशहूर सिंगर सोनू निगम एक बारे फिर से अपने एक बयान के चलते सुर्खियों का हिस्सा बन गए हैं. सोनू निगम ने कहा है कि, 'काश मेरा जन्म पाकिस्तान में होता तो काफी अच्छा होता.' उनका यह बयान सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया है.' एक इवेंट के दौरान सोनू निगम ने मीडिया से



बातचीत करते हुए कहा कि भारत में सिंगर्स के साथ काफी गलत होता है. म्यूजिक कंपनियां सिंगर्स से पैसे वसूल करती है. पाकिस्तान में ऐसा नहीं होता है. वहां पर गायकों से किसी भी प्रकार की एक्सट्रा फीस नहीं ली जाती. भारत में सिंगर्स को म्यूजिक कंपनियों को पैसे देने पड़ते है. अगर वे ऐसा करते हैं तब भी उन्हें गाने का अवसर मिलता है.'इसके आगे सोनू निगम ने कहा कि, 'अगर हम पाकिस्तान से होते तो शायद अच्छा होता. पाकिस्तानी सिंगर्स के साथ इंडियन म्यूजिक कंपनियां इस तरह का बरताव नहीं करती हैं. आतिफ असलम और राहत फतेह अली खान के बारे में बात करते हुए सोनू निगम ने कहा कि उनसे यह नहीं कहा जाता कि गाना गाने के लिए पैसे दो.सोनू निगम कहते हैं कि, 'इसी वजह से बॉलीवुड फिल्मों में अच्छे गानें नहीं बन पा रहे हैं. पहले नया संगीत बनाया जाता था लेकिन अभी सिर्फ रीमिक्स बनता है. अब म्यूजिक कंपनियां म्यूजिक कंपोज़ करती हैं, इसलिए अच्छे गानों की उम्मीद न ही की जाए.' सोनू निगम के इस बयान पर कई सोशल मीडिया यूजर्स अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं.

# १५ वर्षीय नेत्रहीन लड़की ने दिखाई बहादुरी, चलती लोकल ट्रेन में छेड़छाड़ करने वाले को पकड़ा



**एम.आर.शेख**

**मुंबई :** मुंबई लोकल ट्रेन में सोमवार रात को १५ वर्षीय नेत्रहीन लड़की ने उससे छेड़खानी करने वाले युवक को धर दबोचा. लड़की अपने ५६ वर्षीय पिता के साथ विकलांग लोगों के लिए रिजर्व डिब्बे में सफर कर रही थी. लड़की ने खुद से छेड़खानी कर रहे युवक का हाथ पकड़कर मरोड़ दिया और उसे अगले स्टेशन पर पुलिस के हवाले कर दिया. पुलिस ने बताया कि लड़की ने मार्शल आर्ट्स की ट्रेनिंग ले रखी है. पुलिस के मुताबिक, लड़की अपने पिता के साथ दादर स्टेशन से कल्याण लोकल पर चढ़ी थी. उसके पीछे छेड़खानी करने का आरोपी विशाल भी डिब्बे में चढ़ा. विशाल ने लड़की को गलत तरीके से छूने की कोशिश की.

यह देख लड़की के पिता ने विशाल को थप्पड़ मारा. लेकिन फिर विशाल उनसे बहस करने लगा. तभी लड़की ने आगे बढ़कर उसके हाथ को पकड़ कर मरोड़ दिया और फिर पुलिस को सौंप दिया. आरोपी विशाल बिना टिकट के ट्रेन में सफर कर रहा था. उसे अभी हिरासत में रखा गया है.

# विमान के भीतर महिला सहयात्री के साथ किया गंदा काम

**वाशिंगटन :** विमान के भीतर महिला सहयात्री का यौन उत्पीड़न करने के दोषी तमिलनाडु के रहने वाले भारतीय पेशेवर को गुरुवार को नौ साल कैद की सजा सुनाई गई. एच-१बी वीजा पर २०१५ में अमेरिका आए प्रभु राममूर्ति को



सजा खत्म होने के बाद भारत वापस भेज दिया जाएगा. डेट्रॉयट की संघीय अदालत ने कहा कि उसने भारतीय नागरिक को नौ साल कैद की सजा सुनाई है. जज टेरेंस बर्ज ने आशा जताई है कि यह अन्य लोगों को ऐसा अपराध करने से रोकने के लिए पर्याप्त होगा.

# ४ करोड़ का कोकीन पेट में छुपा रखी थी महिला, दिल्ली एयरपोर्ट पर हुई गिरफ्तार, ऐसे हुआ खुलासा

**नई दिल्ली :** दिल्ली एयरपोर्ट पर साओ पाउलो से आई एक महिला को ४ करोड़ के कोकीन के साथ गिरफ्तार किया गया। उसने ९०० ग्राम के ७४ कैप्सूल्स को अपनी पेट के अंदर छुपा कर रखा था। इसके अलावा नारकोटिक्स सेंट्रेल ब्यूरो की टीम ने दो अन्य नाइजीरियन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है बरामद किया गया कोकीन मार्केट में बिकने वाला सबसे महंगा नशीला पदार्थ है। महिला ने बताया कि उसे आगामी क्रिसमस और न्यू ईयर पार्टी के लिए इसे दिल्ली के अलग-अलग क्लायंट्स को डिलीवर करना था। एनसीबी के जोनल डायरेक्टर माधो सिंह ने बताया कि उन्हें और उनकी टीम को सूचना मिली थी कि जमैका की एक महिला ६ दिसंबर को इथोपिया के अदीस अबाबा से होते हुए दिल्ली पहुंच रही है। सूचना के मुताबिक एनसीबी की



टीम दिल्ली एयरपोर्ट पर मुस्तैद हो गई। जब वो महिला आई तो उसे चेकिंग के लिए ले जाया गया तो उसके बैग मेंकुछ नहीं मिला। इसके बाद संदेह के आधार पर पुलिस उसे मेडिकल टेस्ट के लिए सफदरजंग अस्पताल ले गई। एक्सरे रिपोर्ट में जो बात सामने आई उसे देख पुलिस और डॉक्टर दोनों हैरान रह गए। स महिला ने अपने पेट के अंदर कई सारे कैप्सूल खा रखे थे। कैप्सूल्स उगलवाने के लिए डॉक्टर ने उसे मेडिकेशन दिया। इसके बाद महिला ने ७४ कैप्सूल्स बाहर उगल दिए जिसमें कोकीन भरे हुए थे। महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है, उसकी सूचना पर दो अन्य नाइजीरियन को गिरफ्तार किया गया है और उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस के कहना है कि आगामी क्रिसमस और न्यू ईयर सेलेब्रेशन को देखते हुए हमारी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है।

# नर्सिंग होम में चल रहा था मानव तस्करी का खेल, ५ अरेस्ट

पश्चिम बंगाल के उत्तर २४ परगना जिले में एक निजी नर्सिंग होम में ११ दिन की बच्ची की तस्करी में शामिल होने के आरोप में नर्सिंग होम के मालिक सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी।पुलिस ने बताया कि शनिवार को गिरफ्तार किए गए इन लोगों में एक दंपति भी शामिल है, जिन्होंने नवजात बच्ची को ६० हजार रुपये में



कथित तौर पर खरीदा है। मामला उस वक्त सामने आया, जब यह दंपति बीमार नवजात बच्ची को ले कर हाबरा अस्पताल पहुंचा। लेकिन यह दंपति बच्ची के जन्म से जुड़े कागजात अस्पताल में पेश नहीं कर पाया। इस पर अस्पताल के अधिकारियों को कुछ संदेह हुआ और उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तब कथित मानव तस्करी का पता चला।

मॉडल, कलाकार, हेल्पर की जरूरत है

CINE, T. V. ARTISTS AND WORKERS ASSOCIA-TION (REGD.)



अच्छे मियाँ

कार्ड भी बनाकर दिया जाएगा... कार्ड की कीमत २५००/-

(Regd. No. A.L.C. -17-10174 Under Trade Union Act, 1926 With Government of Maharashtra)
Heena Arcade,Shop No16, S. V. Road, Jogeshwari (W), Mumbai-102
Tel. : 022-66989738 - 9220541108/ 08433238738

New Huma Caterers ®

Jogeshwari

★ We Have No Branch ★

Mohd. Salim

9820710325 / 9967865102
9867868339 / 26790046

: Address :

Shop No. 1, Old Ghaswala Stable, Next to Syndicate Bank, S.V. Road, Jogeshwari (W), Mumbai - 400 102.

Web.: www.newhumacaterers.com
E-mail : newhumacaterers@gmail.com

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक - असगर अमीन शाह द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 3-4 अमीन इंड. इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नं.2, जवाहर नगर फाटक ब्रिज के पास, गोरेगांव ( पूर्व ), मुंबई-400063 से मुद्रित कर रुम नं. जी-16, अमीन पारसी चाल, एस. वी. रोड, जोगेश्वरी ( पश्चिम ), मुंबई-400102 से प्रकाशित संपादक-असगर अमीन शाह